बिहार पशु चिकित्सा संघ

कार्यालय - विद्यापति मार्ग, पटना-800001

Email- bvapatna@gmail.com

डॉ० राय चन्द्र पासवान
अध्यक्ष
मो० 9471867310

डॉ० विनोद कुमार मुक्ता
प्रधान महासचिव
मो० 7488601083

पत्रांक- 49

दिनांक- 31.05.2020

सेवा में,

माननीय मुख्यमंत्री महोदय,
बिहार सरकार, पटना।

विषय ः– **पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार में संविदा के आधार पर कार्यरत डा0 धनंजय कुमार सिंह की आसामयिक निधन के उपरांत उनके आश्रित को अनुकंपा के आधार पर विभाग में नियोजित करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में बहुत दुःख के साथ अनुरोधपूर्वक कहना है कि डा0 धनंजय कुमार सिंह, जो संविदा के आधार पर भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी के रुप में पानापुर, कैमूर में कार्यरत थे, की मृत्यु दिनांक 29.05.2020 को संध्या करीब 7.00 बजे अस्पताल से घर लौटने के क्रम में सड़क दुर्घटना में हो गई। स्व. सिंह देश में फैले कोरोना महामारी के बीच भी अपनी नियमित सेवा दे कर विभाग द्वारा सौंपी गई जिम्मेवारियों का निर्वहन सफलतापूर्वक कर रहे थे। इनका परिवार निम्न मध्यमवर्गीय कृषक परिवार से आता है। डा0 सिंह की मृत्यु के पश्चात् इनके दो छोटे–छोटे बच्चों के लालन–पालन की सारी जिम्मेवारी इनकी पत्नी पर आ गई है; जो कि एक साधारण गृहणी है।

अतः महोदय से करवद्ध प्रार्थना है कि डा0 सिंह को कोरोना योद्धा का दर्जा देते हुए इनकी शोक संतप्त पत्नी को जीवन निर्वाह करने हेतु मानवीय आधार पर विचार करते हुए विभाग में अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति एवं कोरोना योद्धा के लिए निर्धारित पचास लाख रुपये क्षतिपूर्त्ति अनुदान प्रदान करने हेतु विभाग को निर्देशित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

Mukta 31.05.20

(डा0 विनोद कुमार मुक्ता)
प्रधान महासचिव

अनु0ः– यथोक्त।